आवश्यक
पंचायत उप निर्वाचन, 2025

सत्यमेव जयते

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
# STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

पत्र संख्या - पं.नि. 30-273/2021 - 3022

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा, भा.प्र.से.
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)

पटना, दिनांक - 5.7.25

**विषय : पंचायत उप निर्वाचन, 2025 : मतदान दिवस से संबंधित विभिन्न IT Application का उपयोग करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायत उप निर्वाचन, 2023 के अवसर पर मतदान दिवस पर उपयोग किये जाने हेतु आयोग द्वारा विभिन्न IT Application तैयार किये गये हैं, जो निम्नवत् हैं :-

(a) PCCP Android App
(b) Presiding Officer Android App
(c) Sector Magistrate Android App
(d) Facial Recognition System (FRS)

उल्लेखनीय है कि क्रमांक (a)-(c) से संबंधित IT Application का प्रशिक्षण आयोग द्वारा दिनांक 05.07.2025 को जिला स्तर पर तकनीकी कर्मी को दिया गया है। संबंधित IT Application का मैन्यूअल पत्र के साथ संलग्न है तथा आयोग की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। Facial Recognition System (FRS) संबंधी प्रशिक्षण चयनित एजेंसी द्वारा दिनांक 06.07.2025 एवं 07.07.2025 को मतदान केन्द्र से संबंधित सभी तकनीकी कर्मी (P3B) को दी जायेगी।

उपरोक्त IT Application के संबंध में संबंधित द्वारा किये जाने वाले निम्नत् हैं :-

(a) PCCP Android App - इस एप्प का उपयोग पी.सी.सी.पी. द्वारा किया जायेगा, जो निम्नवत् है :-

(क) पी.सी.सी.पी. द्वारा योगदान के बाद अपने मोबाईल पर PCCP APP को डाऊनलोड करेंगे।

(ख) सर्वप्रथम एप्प में आवश्यक सूचना अंकित करेंगे।

(ग) मतदान केन्द्र पर उपलब्ध कराने हेतु ई.वी.एम. प्राप्त करने पर ई.वी.एम. संबंधी सूचना अंकित की जायेगी।

(घ) मतदान तिथि को ई.वी.एम. मतदान केन्द्र पर पीठासीन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने संबंधी सूचना तथा मतदान उपरान्त पोल्ड ई.वी.एम. की प्राप्ति सूचना अंकित की जायेगी।

(ङ) पोल्ड ई.वी.एम. को बज्रगृह में प्राप्ति स्वीकार होने के उपरान्त सूचना एप्प में प्रविष्ट की जायेगी।

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

(b) Presiding Officer Android App - इस एप्प का उपयोग पीठासीन पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा, जो निम्नवत् है :-

(क) पीठासीन पदाधिकारी द्वारा योगदान के बाद अपने मोबाईल में Presiding Officer App डाऊनलोड कर संबंधित मतदान केन्द्र की सूचना प्रविष्ट की जायेगी। तकनीकी सहायता मतदान दल में सम्मिलित P3B से प्राप्त की जा सकती है।

(ख) P3B द्वारा FRS कार्य हेतु मेबाईल में डाऊनलोड किये गये मतदाता सूची का प्राप्त हुये मतदाता सूची की हार्ड कॉपी से मिलान कर आश्वस्त हो लेंगे।

(ग) मतदान तिथि को मतदान आरम्भ होने, प्रति दो घंटे पर VTR, मतदान समाप्ति के साथ-साथ मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना आदि की सूचना एप्प में अंकित की जायेगी।

(घ) P3B द्वारा मतदाताओं के सत्यापन हेतु किये जा रहे FRS संबंधित कार्य को सुचारू रूप से करने हेतु पीठासीन पदाधिकारी द्वारा प्रेरित किया जायेगा।

(c) Sector Magistrate Android App - इस एप्प का उपयोग सेक्टर मैजिस्ट्रेट द्वारा किया जायेगा, जो निम्नवत् है :-

(क) सेक्टर मैजिस्ट्रेट द्वारा योगदान के बाद अपने मोबाईल में Sector Magistrate App डाऊनलोड कर सभी आवश्यक सूचना प्रविष्ट की जायेगी।

(ख) सेक्टर मैजिस्ट्रेट द्वारा प्रत्येक दो घंटे पर VTR अंकित कराना सुनिश्चित करायेंगे।

(ग) संबंधित मतदान क्षेत्र में किसी भी अप्रिय घटना आदि के संबंध में स्थिति से एप्प के माध्यम से अलर्ट करेंगे।

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा निदेश दिया गया है कि मतदान के दिन सभी IT Application का उपयोग करने हेतु सम्बंधित कर्मी को निदेशित की जाय एवं उपयोग कराना सुनिश्चित की जाय। साथ ही जिला पदाधिकारी स्तर एवं निर्वाची पदाधिकारी स्तर से मतदान दिवस को किये जा रहे कार्य का अनुश्रवण किया जाये।

विदित हो कि उक्त एप्प के माध्यम से किये जा रहे कार्य का आयोग द्वारा सघन/सतत् अनुश्रवण किया जायेगा।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं तत्संबंधी निदेश से संबंधित निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ-साथ सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक यथोक्त।

विश्वासभाजन,

(हस्ताक्षर) 05/07/25

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-273/2021 – 3022 पटना, दिनांक – 5.7.25

प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 05/07/25

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-273/2021 – 3022 पटना, दिनांक – 5.7.25

प्रतिलिपि, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 05/07/25

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-273/2021 – 3022 पटना, दिनांक – 5.7.25

प्रतिलिपि, सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 05/07/25

सचिव।